भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 173

सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाकुंभ मेला

173. डॉ. संबित पात्रा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले के लिए बनाई गई योजना के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय ने विदेशी आगंतुकों/पर्यटकों के लिए कोई योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय द्वारा उक्त महाकुंभ मेले के दौरान प्रस्तावित/आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या देश-विदेश से दृश्य-श्रव्य मीडिया के माध्यम से विदेशी पर्यटकों को कुंभ मेले में लाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए कोई योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न प्रकार की पहलों के माध्यम से महाकुंभ 2025 का संवर्धन कर रहा है। मंत्रालय ने मेला क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों, मीडिया, प्रभावशाली व्यक्तियों सहित पर्यटकों आदि को सूचना उपलब्ध कराने और उन्हें आकर्षित करने के लिए अतुल्य भारत मंडप स्थापित किया है। महाकुंभ के लिए नए प्रकार के क्रिएटिव्स, विभिन्न प्रकार के भ्रमण पैकेजों के डिजिटल ब्रोशर, विमान यात्राओं के विकल्प, रहने की सुविधाओं के विकल्प आदि तैयार कर वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, पर्यटकों के लिए समर्पित महाकुंभ पर्यटक इंफोलाइन (1800111363) स्थापित की गयी है।

पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी महाकुंभ को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पर्यटन मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठान, भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) ने टेंट सिटी, प्रयागराज में 80 आरामदायक टेंट आवास स्थापित किए हैं।

*****